सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

भारतीय सर्वेक्षण विभाग
SURVEY OF INDIA

Save Paper.
Save Trees.
Save the World.

दूरभाष /Telephone : 0135-2747051-58
0135-2535065
फैक्स/Fax : 0135-2741250
ई-मेल/E-mail :
For Estate : estate.madc.soi@gov.in
Website/वैबसाइट :
www.surveyofindia.gov.in

भारत के महासर्वेक्षक का कार्यालय
Office of the Surveyor General of India
सर्वे परिसर हाथीबड़कला, डाक बक्सा सं० 37
Survey Estate Hathibarkala, P. B. No. 37
देहरादून - 248 001 (उत्तराखण्ड)
Dehradun – 248 001 (Uttrakhand)

सं० सम्पदा - 03 /13-के-ए(Vol.23) दिनांक: 31 / 12 /2025

## अधिसूचना

भारतीय सर्वेक्षण विभाग के सरकारी आवासों के आवंटन नियम-2010 के अ.नि.317-क०ज०2/ ख एवं ग के अन्तर्गत हाथीबड़कला एस्टेट के सरकारी आवासों का आवंटन, वर्ष 2026 के लिए दिनांक 01-01-2026 से 31-12-2026 तक की अवधि के लिए अधिसूचित किया जाता है।

उपरोक्त में आवासों के सभी उपलब्ध टाइप (II से V) के आवंटन के लिए आवेदन पत्र उचित माध्यम से प्राप्त किए जायेंगे, जिसके संबंध में यदि आवंटन आवेदन खाली आवासों की संख्या से अधिक प्राप्त होते है, तो आवश्यकता पड़ने पर विस्तृत वरिष्ठता प्रतीक्षा सूची जारी की जायेगी। जिन अधिकारियों/कर्मचारियो ने आवंटन वर्ष 2025 में आवासों के लिए आवेदन किया था, उनकी प्रतीक्षा सूची/आवंटन आवेदन दिनांक 31-12-2025 को निरस्त कर दी जाएगी, यदि वे पुनः आवास लेने के इच्छुक है, तो उन्हे नये आवंटन वर्ष 2026 के लिए फिर से निर्धारित फार्म भरकर दिनांक 01-01-2026 से 16-01-2026 तक आवेदन देना होगा। आवास परिवर्तन प्रतीक्षा सूची एवं G&RB आवासीय परिसर के आवंटियों तथा सशर्त आधार पर टाइप-IV(बिल्डिंग) के आवासों की आवंटन प्रक्रिया यथावत रहेगी।

आवंटन वर्ष 2026 के लिए आवेदनों को नियमो के अंतर्गत, आवश्यक नई प्रतीक्षा सूची तैयार की जाएगी। जिसके आधार वर्ष 2026 में आवासों का आवंटन होगा। प्रतीक्षा सूची वरिष्ठता के आधार पर केवल 16-01-2026 तक प्राप्त होने वाले आवेदनों के लिए ही बनाई जाएगी। दिनांक 16-01-2026 के पश्चात् प्राप्त आवेदनों को महासर्वेक्षक कार्यलय में प्राप्त आवेदन की प्राप्ति की तारीख (पहले आओ पहले पाओ) के आधार पर वरियतता दी जाएगी। टाइप-I के आवास उपलब्ध नहीं होने के कारण, इस टाइप के पात्र विभागीय कर्मचारी सशर्त आधार पर टाइप-II आवासों के लिए आवेदन कर सकते है। टाइप-II के पात्र आवेदकों के आवंटन के पश्चात सशर्त आधार पर आवंटन किया जाएगा। पात्रतानुसार पे-लेवल निम्नानुसार है।

| Type of Residence | Grade Pay | Pay level |
|---|---|---|
| Type- I (उपलब्ध नहीं) | Rs. 1,300, Rs. 1,400, Rs. 1,600, Rs.1,650 and Rs. 1,800 | 1 |
| Type - II | Rs. 1,900, Rs. 2,000, Rs.2,400 and Rs. 2,800 | 2 to 5 |
| Type- III) | Rs. 4,200, Rs.4,600 and Rs.4,800 | 6 to 8 |
| Type- IV | Rs.5,400 and Rs.6,600 | 9 to 11 |
| Type- IV (Special) | Rs. 6,600 | 11 |
| Type- V | Rs. 7,600, Rs.8,700 and Rs.8,900 | 12 to 13 & above |

सभी आवास आवंटन आवेदन निर्धारित फार्म (फार्म सं० 2) के अनुसार ही मान्य होंगे। यह फार्म इस कार्यालय से अथवा विभाग की वेबसाइट से प्राप्त किए जा सकते है। कृपया सभी फार्म उचित माध्यम से पूर्ण रूप से भरे हुए, इस कार्यालय के संपदा अनुभाग को भेजे जाये, अपूर्ण भरे गए आवंटन फार्म पर विचार नहीं जायेगा तथा वह स्वतः निरस्त समझे जाएगे। किसी एक टाइप के लिए अधिसूचित अवधि में एक बार ही आवेदन किया जा सकता है। आवश्यकतानुसार Contigent Service की half service को जोड़ने के पश्चात ही निर्धारित फार्म सं० 2 कॉलम 11 (अ) भरा होना चाहिए।

इस अधिसूचना को समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों में परिचालित करने का उतरदायित्व सम्बंधित कार्यालय अध्यक्ष का होगा।

Signed by Mohan Ram
Date: 31-12-2025 11:00:5

( मोहन राम )
उप महासर्वेक्षक (प्रशासन)
महासर्वेक्षक का कार्यालय

प्रतिलिपि: (1) भारत के महासर्वेक्षक का कार्यलय, देहरादून।
(2) अपर महासर्वेक्षक, GRF & GDE DIVISION, देहरादून।
(3) निदेशक, राष्टीय भू-स्थानिक निदेशालय, देहरादून।
(4) निदेशक, उत्तराखंड भू-स्थानिक निदेशालय, देहरादून।
(5) निदेशक, ज्योडीय एव अनुसन्धान शाखा, देहरादून।
(6) वरिष्ट लेखाधिकारी, केंद्रीय वेतन एव लेखा कार्यालय, देहरादून।
(7) प्रधानाचार्य, केंद्रीय विद्यालय न0 2, हाथीबडकला, देहरादून।
(8) इंचार्ज, वेबसाइट, भारतीय सर्वेक्षण विभाग (SGO) को इस आग्रह के साथ कि इस सूचना को वेबसाइट पर अपलोड करने की कृपा करे।